Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 08-08-2006
Participants : Yadav Shri Devendra Prasad,Mehta Shri Alok Kumar

an>

Title : Regarding alleged objectionable nature of questions asked in Ayurvedic Medical Entrance Exams in Gujarat.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, गत रविवार को गुजरात के आयुर्वेद महाविद्यालयों में एंट्रेंस हेतु प्रवेश परीक्षा ली गई थी। उसमें पूछे गए कुछ प्रश्नों को मैं यहां उद्धृत करना चाहता हूं। पहला है- "Who said 'Christians have the right to convert?' – Sonia Gandhi, Sister Nirmala, Pope Benedict, Father Prakash." This is the first question. The second question is: "After whom has Narendra Modi named India's biggest gas project on the Krishna Godavari Basin?" There are four names. The third question is: "Which day is observed as 'Black Day' by minorities and 'Victory Day' by RSS?" These are the questions which were asked in the Ayurvedic Medical Officers entrance examination in Gujarat on last Sunday.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is a State Government matter.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : यह स्टेट गवर्नमेंट का मामला है।

श्री आलोक कुमार मेहता : अध्यक्ष महोदय, गुजरात सरकार का यह एक्ट कंडैम करने लायक है। …(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : अध्यक्ष महोदय, ऐसे प्रश्न पूछने का किसी को अधिकार नहीं है। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : एक-एक कर के पूछिए। मैं इस बारे में अनेक बार कह चुका हूं कि एक के बाद एक पूछिए। यह स्टेट गवर्नमेंट का मामला है।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, यह जनरल पब्लिक सर्विस कमीशन, गुजरात के एक प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न हैं। आपका यह कहना सही है कि यह गुजरात सरकार का मामला है, लेकिन हम लोगों का निवेदन है कि किसी को भी ऐसे असंवैधानिक प्रश्न पूछने का अधिकार नहीं है। किसी भी राज्य सरकार को इस प्रकार के अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं। …(व्यवधान) 11 सितम्बर के दिन को आर.एस.एस. विक्ट्री डे मानती है …(व्यवधान) यह ठीक नहीं है। …(व्यवधान)

श्री आलोक कुमार मेहता : सर, मुझे अपनी बात कंपलीट करने दीजिए। मैं कहना चाहता हूं कि लालू प्रसाद यादव जी और …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपने यह मामला यहां उठाया है, लेकिन यह स्टेट का मामला है, इसलिए मैं इसे अलाऊ नहीं करूंगा। इसमें सेंटर कुछ नहीं कर सकता है।

…(व्यवधान)

SHRI ALOK KUMAR MEHTA : Sir, let me complete it.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I cannot allow the State matters to be raised. Please do not raise the State matters here. This is a State matter. I cannot do this.

*(Interruptions) …**

MR. SPEAKER: Nothing more is allowed. You have made your point.

श्री आलोक कुमार मेहता : अध्यक्ष महोदय, लालू प्रसाद जी और यू.पी.ए. सरकार को ये लोग बदनाम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। …(व्यवधान)